शांति भंग में आधा दर्जन आरोपी गिरफ्तार

श्रावस्ती। अपराधियों की धर-पकड़ अभियान में जिला पुलिस ने शांति भंग के आरोप में आधा दर्जन आरोपियों को गिरफतार किया है। एसपी कार्यालय से मिली सूचना के अनुसार जिला की विभिन्न थाना की पुलिस ने निरोधात्मक कार्रवाई में आधा दर्जन लोगों को गिरफ्तार किया है इसी तरह से पुलिस अधीक्षक द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध जनपदीय पुलिस द्वारा विभिन्न स्थानों पर बैरियर/चेक पोस्ट लगाकर चेकिंग गयी, जिसके अन्तर्गत विभिन्न चेक पोस्टों पर वाहनों की चेकिंग की दौरान 10 वाहनों का मोटर अधिनियम से ई-चालान कर रू0 14,500/-रूपया का शमन शुल्क वसूल किया गया। जबकि पैदल गस्त में अपर पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी भिनगा/इकौना/जमुनहा के नेतृत्व में समस्त थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा कस्बा/क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत पैदल गस्त कर व्यापारियों व आमजन से वार्तालाप कर सुरक्षा का एहसास दिलाया गया।